उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 30 अग्रहायण, शक संवत्, 1931

**( दिनांक : 21 दिसम्बर, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** )।

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2009 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) अध्यादेश, 2009 को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 323 (2) के अधीन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के सप्तम वार्षिक प्रतिवेदन (01 अप्रैल, 2007 से 31 मार्च, 2008 तक) को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. सचिव, विधान सभा सदन के अनुसमर्थन हेतु प्राप्त संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित रूप में संविधान (एक सौ नौवां संशोधन) विधेयक, 2009 सदन के पटल पर रखेंगे।

8. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड परा चिकित्सा परिषद विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 14 जुलाई, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 17 जुलाई, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का छठा अधिनियम बन गया।

   (2) उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 20 जुलाई, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का सातवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण)] (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 20 जुलाई, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का आठवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड {उत्तर प्रदेश गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) अधिनियम, 1953} (संशोधन) विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जुलाई, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 22 जुलाई, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का नौवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2009 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 24 जुलाई, 2009 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 25 जुलाई, 2009 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2009 का दसवां अधिनियम बन गया।

9. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

10. सभापति, प्रवर समिति, उत्तराखण्ड द्वितीय विधान सभा की प्रवर समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे ।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड ऊर्जा विकास निधि (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971] (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते)] (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते)] (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

21. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

22. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

23. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

24. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड राजभाषा विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

25. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड राजभाषा विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

26. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

27. मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) विधेयक, 2009 को पुरःस्थापित करेंगे।

28. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

29. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

30. संसदीय कार्य मंत्री निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

> "यह सदन 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 368 के खण्ड (2) के परन्तुक के खण्ड (घ) के क्षेत्रान्तर्गत 'संविधान (एक सौ नौवां संशोधन) विधेयक, 2009' द्वारा प्रस्तावित संशोधन, जैसा कि संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया है, का अनुसमर्थन करता है'।

31. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 21 दिसम्बर, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## सोमवार, 30 अग्रहायण, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 21 दिसम्बर, 2009 )

## नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

श्री यशपाल बेनाम
17.09.2009

ऊर्जा

*1. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर पट्टी मवालस्यू ग्राम सभा भंडाली के अन्तर्गत ग्राम बैन्दुल में लगभग 5–6 वर्ष पूर्व विभाग द्वारा विद्युतीकरण हेतु विद्युत पोल तथा तार लगा दिये गये थे? क्या यह सत्य है कि ग्रामवासियों द्वारा तीन वर्ष पूर्व विद्युत क्नेक्शन हेतु आवेदन किया गया था? क्या यह भी सत्य है कि उक्त ग्राम के आस–पास के समस्त ग्राम कई वर्ष पूर्व विद्युतीकृत हो चुके है? यदि हां, तो उक्त ग्राम को विद्युत कनेक्शन न दिये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार इस विलम्ब के लिए दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करेगी तथा उक्त ग्राम को कब तक विद्युतीकृत कर दिया जायेगा?

श्री शैलेन्द्र सिंह रावत
22.09.2009

उद्योग

*2. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सुखरौ खो व मालन नदी में खनन कार्य बन्द होने के कारण यहां के निवासियों को महंगे दर पर रेत बजरी क्रय करनी पड़ रही है? यदि हां, तो सरकार कब तक इन नदियों में खनन कार्य प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री केदार सिंह रावत
09.10.2009

उद्योग

*3. क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिए जाने की सोच की भी अहम भूमिका थी? यदि हां, तो पर्वतीय क्षेत्र में अब तक स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से कितने व किन–किन संसाधनों पर आधारित उद्योग स्थापित किये गये है? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| **श्री केदार सिंह रावत 09.10.2009** | ***4. आश्वासन समिति के विचाराधीन विषय होने के आधार पर निरस्त।** | उद्योग |
| श्री केदार सिंह रावत 13.10.2009 | ***5.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध प्रभावित चिन्यालीसौड़ जिला उत्तरकाशी के ग्रामीण चिन्यालीसौड़–सुनारगांव मोटर पुल को लेकर आन्दोलित हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर पुल को बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश 22.10.2009 | ***6.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड की वित्तीय स्थिति क्या है? क्या वित्तीय स्थिति पर श्वेत–पत्र जारी किया जायेगा? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाईयाँ हैं? | वित्त |
| श्री सुरेन्द्र राकेश 22.10.2009 | ***7.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रो में जले हुए ट्रान्सफार्मर बदले जाने की क्या व्यवस्था है? क्या निर्धारित समय अवधि मे ट्रान्सफार्मर बदल दिये जाते है? यदि नहीं, तो इसमे क्या कठिनाई है? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश 22.10.2009 | ***8.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन दिल्ली में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के सम्बन्ध में क्या कोई स्थानान्तरण हेतु नीति निर्धारित हैं? यदि हां, तो क्या विगत 5 वर्षो से एक ही स्थान पर कार्यरत ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण हेतु कोई कार्यवाही सुनिश्चित की गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | राज्य सम्पत्ति |
| श्री शेर सिंह गढ़िया 26.10.2009 | ***9.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 में प्रदेश के अन्तर्गत आपदा से कितनी घटनायें घटित हुई तथा कितनी जन हानि व परिसम्पतियां क्षतिग्रस्त हुई हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा प्रभावित लोगों को कितनी सरकारी सहायता प्रदान की जा चुकी है? | स्थगित |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी 27.10.2009 | ***10.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य आन्दोलन के दौरान कितने आन्दोलनकारियों पर सी0बी0आई0 के मुकदमें हुए थे तथा उन्हें कितनी धनराशि मुआवजे के रूप में पृथक–पृथक दी गयी? क्या सी0बी0आई0 के अतिरिक्त आन्दोलनकारियों पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन द्वारा भी मुकदमें दर्ज किये गये थे? क्या ऐसे आन्दोलनकारियों को भी सरकार द्वारा मुआवजे के रूप में धनराशि दी गयी है? यदि हां, तो उनके नाम और पते क्या हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार इन आन्दोलनकारियों को भी मुआवजा मुहैया करायेंगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.10.2009 | *11. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा पोषित राज्य के विश्वविद्यालयों के लिये सरकार छठे वेतन आयोग की सिफारिश 01 जनवरी, 2006 से लागू करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>28.10.2009 | *12. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में कुल कितनी लघु विद्युत परियोजनाओं द्वारा बिजली का उत्पादन किया जा रहा है तथा कितने गांव इससे लाभान्वित हो रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगे कि वर्तमान में कितनी परियोजनायें खराब हैं तथा उनके खराब होने के कारण क्या हैं? सरकार कब तक इन योजनाओं का पुनर्निर्माण कर बिजली उत्पादन प्रारम्भ करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>28.10.2009 | *13. | क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में खनन् पट्टा जारी करने के लिए किस वर्ष में जारी बन्दोबस्त को व्यवहारिक मान कर खनन् पट्टा जारी किया जाता है? क्या खनन् की दृष्टि से सन् 1962 के बन्दोबस्त को लागू किया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>29.10.2009 | *14. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि कार्या0 मुख्य अभियन्ता स्तर–1 लोक निर्माण विभाग देहरादून के, पत्रांक 373/14या0ता0(क)/2009 दिनांक 22.04.2009, द्वारा वर्ष 2009 व 2010, हेतु जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र पंतनगर/गदरपुर के अन्तर्गत कतिपय सड़कों को नवीनीकरण हेतु स्वीकृत किया गया था? यदि हां, तो किन कारणों से उक्त विधान सभा क्षेत्र की सड़कों को कार्या0 मुख्य अभियन्ता स्तर–1 लोक निर्माण विभाग देहरादून के पत्रांक 2341/57 बजट (मार्ग–सेत–अनु0)–आयोजनागत/09–10 द्वारा निरस्त किया गया है? क्या यह सत्य है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र की नवीनीकरण हेतु उल्लिखित सड़कों की हालत अत्यन्त दयनीय है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़कों के नवीनीकरण हेतु इसी वित्तीय वर्ष में स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>30.10.2009 | *15. | क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ में भारत से नेपाल हेतु एच0टी0 पारेषण लाईन रा0इ0का0 झूलाघाट के कीड़ा स्थल के उपर से गुजरती है? क्या यह सत्य है कि उक्त लाईन कीड़ा स्थल की सतह से मात्र 8–10 फीट ऊपर झूल रही है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है? यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा उक्त लाईन को अन्यत्र स्थानान्तरित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>04.11.2009 | *16. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ जिला चिकित्सालय में कितनी जनसंख्या को मानक मानकर स्टाफ तथा दवाईयों की व्यवस्था की गयी है? क्या उक्त मानक में नेपाल से आने वाले रोगियों को भी शामिल किया गया है? यदि हां, तो प्रतिवर्ष कितने रोगी नेपाल से चिकित्सा हेतु यहां आते है? क्या यह सत्य है कि उक्त अस्पताल में नेपाली रोगियों की चिकित्सा के कारण स्थानीय रोगियों के लिये संसाधन की कमी होती है? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है? | | स्वास्थ्य |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>04.11.2009 | *17. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में मरीजों के सम्बन्धियों द्वारा निजी चिकित्सकों से दुर्व्यवहार एवं नर्सिंग होम पर तोड़ फोड़ की घटनाओं को रोकने के लिए क्या सरकार कानून बनाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह<br>05.11.2009 | *18. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना लागू हैं? यदि हां, तो वर्तमान में इस योजना की क्या स्थिति हैं? | | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह<br>05.11.2009 | *19. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन कब अस्तित्व में आया? क्या यह सत्य है कि कारपोरेशन घाटे में चल रहा है? यदि हां, तो कारपोरेशन को घाटे से उबारने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या प्रयास किये गये? यदि नहीं, तो क्यों? | | ऊर्जा |
| **श्री गणेश जोशी<br>11.11.2009** | *20. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।** | | उद्योग |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>17.09.2009 | 1. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के गंगोलीहाट में इन्जीनियरिंग कालेज की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 08 अप्रैल, 2006 को धारचूला (पिथौरागढ़) में की गयी थी? यदि हां, तो इन्जीनियरिंग कालेज की स्वीकृति कब तक दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>17.09.2009 | **2.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के तहसील गंगोलीहाट में शा0सं0 2980/III (1)/04–529 (पी0डब्लू0डी0)/101 टी0सी0–02 दिनांक 31.12.2004 के द्वारा पनार गंगोलीहाट मोटर मार्ग का सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य स्वीकृत था? क्या सरकार द्वारा कार्य सम्पादन में ठेकेदार एवं विभाग के विरूद्ध उत्पन्न विवाद के निपटारे हेतु माननीय सोल आर्बीट्रेटर के समक्ष सम्बन्धित अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण विभागीय पक्ष न रखने के कारण ठेकेदार को ब्याज सहित रू0 36,22,878.00 का भुगतान किया गया? यदि हां, तो क्या सरकार सम्बन्धित दोषी अधिकारी के विरूद्व कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मनोज तिवारी<br>22.09.2009 | **3.** | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार अल्मोड़ा स्थित हरगोबिन्द पन्त जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में निश्चेतक पद पर नियुक्ति करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री शैलेन्द्र सिंह रावत<br>22.09.2009 | **4.** | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कोटद्वार में ट्रामा सेन्टर की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध हो गई है? यदि हां, तो सरकार कब तक ट्रामा सेन्टर निर्माण का कार्य प्रारम्भ करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22.09.2009 | **5.** | क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री अवगत हैं कि राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन ऑफिसर्स कालोनी रेसकोर्स स्थित टाइप ई के 24 आवास अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं? क्या यह सत्य है कि उक्त के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त आवासों को उपरोक्त कालोनी में स्थित टाइप एफ के 20 आवासों की भांति पुनर्निमाण कराये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राज्य सम्पत्ति |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.09.2009 | **6.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग के किन–किन खण्ड़ों में अधिशासी अभियंताओं के पद कब–कब से रिक्त चले आ रहें है और इन पदों पर कब तक स्थायी तैनाती की जायेगी? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.09.2009 | **7.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता तथा अवर अभियन्ताओं के कितने पद स्वीकृत/कार्यरत और रिक्त हैं तथा ये रिक्तियां कब–कब से चली आ रही है और इन पदों पर शीघ्र नियुक्ति हेतु की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर नियुक्ति की जायेगी? | लोक निर्माण |

श्रीमती अमृता रावत
25.09.2009

8. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2009 के द्वितीय मंगलवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 20 के क्रम में क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में समीपस्थ चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों के द्वारा संचालित किये जा रहे चिकित्सालयों की पैदल अथवा मोटर मार्ग से दूरी क्या है? क्या पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं यातायात की कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए किसी एक चिकित्सक अथवा फार्मासिस्ट के द्वारा दो चिकित्सालयों का संचालन किये जाने का औचित्य क्या है?

स्वास्थ्य

श्रीमती अमृता रावत
25.09.2009

9. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2009 के द्वितीय मंगलवार के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 21 के क्रम में क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत भवन एवं भूमि विहीन 21 आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों की स्थापना कब–कब की गई है तथा तब से अब तक इन चिकित्सालयों के भवन निर्माण हेतु भूमि अर्जित करने/करवाने की दिशा में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी पौड़ी गढ़वाल द्वारा किए गए प्रयासों का विवरण क्या है? तथा कब तक इन चिकित्सालयों के लिए भूमि अर्जित की जायेगी?

स्वास्थ्य

श्रीमती अमृता रावत
25.09.2009

10. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत संयोजन न दिए जाने के कारण भारत संचार निगम लि0 द्वारा उत्तराखण्ड प्रदेश में स्थापित मोबाइल टावरों का संचालन प्रारम्भ नहीं किया जा सका है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मोबाइल टावर प्रदेश में किन–किन विकास खण्ड़ों के किन–किन स्थानों पर कब–कब स्थापित किए गए हैं और विद्युत संयोजन लेने हेतु भारत संचार निगम लि0 द्वारा कब–कब आवेदन किया गया है तथा उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा स्थापित मोबाइल टावरों के संचालन हेतु विद्युत संयोजन कब–कब दिए गए हैं और अवशेष मोबाइल टावरों के संचालन हेतु विद्युत संयोजन कब तक दे दिए जायेंगे?

ऊर्जा

श्रीमती अमृता रावत
25.09.2009

11. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत बैजरों में स्थित लोक निर्माण विभाग के निर्माणखण्ड में अधिकारियों/कर्मचारियों के कौन–कौन तथा कितने पद स्वीकृत है, और इन स्वीकृत पदों के विपरीत किस–किस पद पर अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत है तथा कौन–कौन से पद कब–कब से रिक्त चले आ रहे है, और इन रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>30.09.2009 | **12.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान रीठाखाल में स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि कब और किस शासनादेश के द्वारा स्वीकृत की गई है? भवनों के निर्माण हेतु निविदाऐं कब आमंत्रित की गई है और अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार भवनों का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया जाना था? अब तक भवनों के निर्माण की प्रगति क्या है तथा कब तक स्वीकृत निर्माण कार्य पूर्ण किये जायेंगे और विलम्ब के प्रति कौन उत्तरदायी है? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>01.10.2009 | **13.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र वीरोखाल के अन्तर्गत विगत ढाई वर्षो में किन–किन मोटर मार्गों का कितने–कितने किमी0 डामरीकरण किया गया है और डामरीकरण के लिए अवशेष मोटर मार्गों का विवरण क्या है तथा कब तक इन अवशेष मोटर मार्गों का डामरीकरण किया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.10.2009 | **14.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि तत्कालीन मा0 मुख्यमंत्री द्वारा 19.08.2006 को देघाट जनपद अल्मोड़ा में शहीद दिवस पर जालली में महाविद्यालय खोलने की घोषणा सं0 30/2006 की गयी थी? यदि हां, तो क्या सरकार जालली में यथाशीघ्र महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>01.10.2009 | **15.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में वल्मरा–गैरखेत–सराईखेत सड़क के निर्माण का कार्य काफी समय हो जाने के पश्चात् भी पूर्ण नही हो सका है? क्या मंत्री जी कार्य विलम्ब के कारणों को दूर करते हुए दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही कर उपरोक्त सड़क का निर्माण करायेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.10.2009 | **16.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में भिक्यासैण की जनता द्वारा राजकीय महाविद्यालय भिक्यासैण के भवन हेतु निशुल्क भूमि दी थी और उसका आगणन भी शासन में पहुंच चुका है? क्या यह सत्य है कि काफी समय बीत जाने के पश्चात् भी भवन निर्माण का कार्य आरम्भ नहीं हो पाया है? यदि हां, तो कब तक भवन निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>06.10.2009 | **17.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय है, जिसमें चिकित्सकों की तैनाती नही है? इसके अतिरिक्त ऐसे कौन–कौन से चिकित्सालय हैं जिनमें फार्मासिस्ट की नियुक्ति नही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन चिकित्सालयों में चिकित्सकों तथा फार्मासिस्टों की तैनाती करने/करवाने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा कब तक इन चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं फार्मासिस्टों की नियुक्ति/तैनाती की जायेगी? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>06.10.2009 | **18.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान शासन काल में जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत किन–किन विधान सभा क्षेत्रों में किन–किन मोटर मार्गों/पुलों के निर्माण की स्वीकृतियां जारी की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन स्वीकृतियों में मोटर मार्ग/पुल के नाम, स्वीकृत वर्ष तथा स्वीकृत धनराशि तथा विधान सभा क्षेत्र का विवरण क्या है? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>06.10.2009 | **19.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे नव निर्मित अथवा विस्तारित मोटर मार्गों का विवरण क्या है, जिनके संयुक्त निरीक्षण में इन मोटर मार्गों को बस सेवाओं के संचालन हेतु उपयुक्त नही पाया गया है और सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा मार्ग निर्माण में त्रुटियां/आपत्तियां बताई गई है तथा इन त्रुटियों/आपत्तियों का निस्तारण कब तक किया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>07.10.2009 | **20.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सतपुली–व्यासघाट मोटर मार्ग के स्थान खाण्डासैण में नयार नदी पर स्थित झूलापुल तथा उसके सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं? यदि हां, तो उक्त झूलापुल तथा सम्पर्क मार्गों की मरम्मत हेतु अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक झूलापुल एवं उक्त सम्पर्क मार्गों की मरम्मत की जायेगी? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.10.2009 | **21.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि डा0 शिवानन्द नौटियाल राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल पौड़ी गढ़वाल में शिक्षकों के रिक्त पदों पर तैनाती किए जाने के सम्बन्ध में सचिव मुख्यमंत्री के पत्र संख्या–482/2008(2) दिनांक 02.10.2008 के द्वारा प्रश्नकर्ता के दिनांक 17.01.2008 के पत्र को यथोचित कार्यवाही हेतु प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती किए जाने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही और प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती की जायेगी? | **उच्च शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.10.2009 | **22.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत कोटद्वार स्थित लकड़ी पड़ाव में वोल्टेज विद्युत समस्या के स्थायी समाधान हेतु क्षेत्र में स्थापित परिवर्तक की क्षमता वृद्वि किए जाने की कार्यवाही की जानकारी अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड कोटद्वार (गढ़वाल) के पत्रांक 2598/वि0वि0ख0 कोट/सी–2(वी0आई0पी0) दिनांक 02.07.2009 के द्वारा दी गई है? यदि हां, तो वोल्टेज विद्युत समस्या के स्थायी समाधान हेतु की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक इस समस्या का स्थायी निवारण किया जायेगा? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.10.2009 | **23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से स्वीकृत मोटर मार्ग हैं जिनका निर्माण वन अधिनियम के कारण प्रारम्भ नही हो पा रहा है अथवा निर्माण कार्य रूका हुआ है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन मोटर मार्गों की स्वीकृतियां किन–किन शासनादेशों के द्वारा कितने–कितने किमी0 के लिए जारी की गई है, तथा वन भूमि हस्तानान्तरण हेतु प्रस्ताव कब–कब प्रस्तुत किया गया है और वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का मार्गवार विवरण क्या है? | **लोक निर्माण** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>13.10.2009 | **24.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2009 में कुल कितने अपराधों की विवेचना पुलिस से हटाकर सी0बी0सी0आई0डी0 को सौपी गयी तथा इसमें कितने अपराध गम्भीर प्रकृति के है? | **गृह** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>14.10.2009 | **25.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 09 नवम्बर 2000 से राज्य में अब तक बच्चों की जन्म–मृत्यु दर क्या रही है? क्या सरकार इनका वर्षवार ब्यौरा देने पर विचार करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>14.10.2009 | **26.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के स्थान सुमाड़ी–भरदार में 33 के0वी0 विद्युत सब–स्टेशन निर्माण का शिलान्यास तत्कालीन ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा दिनांक 20 नवम्बर 2006 को किया गया? यदि हां, तो अब तक स्थान सुमाड़ी–भरदार, में विद्युत सब–स्टेशन के निर्माण में हुई कार्यप्रगति का विवरण क्या है, तथा कब तक योजना का निर्माण पूर्ण किया जायेगा? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>15.10.2009 | **27.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत डांडानागराजा–घिण्डवाडा नवनिर्मित मार्ग के निर्माण से सम्बन्धित 08 बिन्दुओं की सूचना सम्भागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी गढ़वाल के पत्र संख्या 1892/स0प0प्रा0/नौ–41/07 दिनांक 30.11.2007 के द्वारा लोक निर्माण विभाग के पौड़ी स्थित प्रान्तीय खण्ड से मांगी गई है? यदि हां, तो लोक निर्माण विभाग द्वारा 08 बिन्दुओं पर सूचना कब उपलब्ध करवाई गई है, तथा उक्त नव–निर्मित मार्ग का संयुक्त निरीक्षण कब किया गया है? क्या उक्त मार्ग बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध पाया गया है? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>15.10.2009 | **28.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के उमरासू–घिण्डवाड़ा मोटर निर्माण का मलवा पत्थर आदि व्यासघाट–देवप्रयाग मोटर मार्ग पर आ जाने के कारण उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी गढ़वाल के पत्रांक 3323/24–एफ0सी0 (2006–07) दिनांक 03 जुलाई 2007 के द्वारा लोक निर्माण विभाग के श्रीनगर स्थित निर्माण खण्ड को निर्देशित किया गया है? यदि हां, तो जिलाधिकारी गढ़वाल के निर्देशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण क्या है, तथा उमरासू–घिण्डवाड़ा मोटर मार्ग निर्माण से आने वाले मलवे की रोकथाम हेतु क्या कदम उठाए गए हैं तथा वर्तमान में स्थिति क्या हैं? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.10.2009 | **29.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेड़ाखाल के उच्चीकरण के सम्बन्ध में क्षेत्र पंचायत कोट (गढ़वाल) के पूर्व प्रमुख का दिनांक 14 सितम्बर 2007 का पत्रांक बहेड़ाखाल/4–स्वास्थ्य/2007–08 मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी गढ़वाल को कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही एवं हुई प्रगति का विवरण क्या है? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.10.2009 | **30.** क्या तीर्थाटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के डांडानागराजा मन्दिर और ग्राम रिगूड़ में गौरजा देवी मन्दिर के सौदर्यीकरण हेतु वर्ष 2006 से अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है, और स्वीकृत धनराशि के विपरीत कितनी धनराशि अवमुक्त की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अवमुक्त की गई धनराशि के उपयोग की सूचना कब प्राप्त हुई है और स्वीकृत/अवशेष धनराशि कब तक अवमुक्त की जायेगी? | तीर्थाटन |
| श्रीमती अमृता रावत<br>23.10.2009 | **31.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के मुख्यालय पौड़ी में स्थित जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों/फार्मासिस्टों/नर्सों एवं अन्य कर्मियों के स्वीकृत/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी? तथा इन रिक्त पदों के कारण प्रभावित चिकित्सा सेवाओं के प्रति कौन उत्तरदायी है? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती अमृता रावत<br>23.10.2009 | **32.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेड़ाखाल के टाइप प्रथम आवास सम्पर्क मार्ग एवं बाउन्ड्री दीवार बनाए जाने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता समाज कल्याण निर्माण निगम पौड़ी को सम्बोधित मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी गढ़वाल के पत्रांक भवन/एस0ए0डी0/बहेड़ाखाल/2007–08 दिनांक 24.05.2007 पर अब तक की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा चिकित्सालय में कब तक टाइप प्रथम आवास सम्पर्क मार्ग एवं बाउन्ड्री दीवार का निर्माण किया जायेगा? | स्वास्थ्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>23.10.2009 | **33.** | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>23.10.2009 | **34.** | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में वर्ष 2008–09 तथा वर्ष 2009–10 में आपदा प्रबन्धन से स्वीकृत योजनाओं एवं उनके निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि का विधान सभा वार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजनाओं की स्वीकृति का आधार क्या है और यह योजनाएं किस–किस की संस्तुति पर स्वीकृत की गई है? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>26.10.2009 | **35.** | क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि संविधान के 77वें संशोधन अधिनियम 1995 की व्यवस्थानुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने हेतु राज्य सरकार को तद्विषयक नियमावली बनाकर कार्यवाही हेतु सक्षम बनाया गया है? यदि हां, तो क्या तद्नुसार उत्तराखण्ड राज्य में अनु0जाति/जनजाति के कार्मिकों की पदोन्नति हेतु आरक्षण नियमावली प्रख्यापित की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? उत्तराखण्ड राज्य में अनुसूचित जाति/जनजाति के कार्मिकों की पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था लागू है या नहीं? क्या सरकार तद्विषयक जारी प्रावधानों व शासनादेशों की प्रति सदन के पटल पर रखेंगी? | **कार्मिक** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>26.10.2009 | **36.** | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आपदा ग्रस्त गांवों की संख्या कितनी है? क्या सरकार आपदा प्रभावित गांवों के विस्थापन की कोई योजना बना रही हैं? यदि हां, तो कुल कितने गांवों तथा परिवारों का विस्थापन किया जा रहा है? यदि नही, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>26.10.2009 | **37.** | क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 धारचूला/मुनस्यारी के तौक खेतीखान, ढुलीगैर, देवलेक, भटभटा वुडीगैर, माणी धामी बसानी गणकोट, आलम दारमा काफलागैर, गलाती के ग्राम सभा के तोकों में विद्युतीकरण नहीं हुआ हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तोकों में विद्युतीकरण कराने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? | **ऊर्जा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.10.2009 | **38.** | क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी विकास अभिकरण (आई0टी0डी0ए0) का गठन किन वैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत हुआ है तथा उसे किस रूप में प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि गठन से अब तक कुल कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है? | **सूचना प्रौद्योगिकी** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>27.10.2009 | **39.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत मोटर मार्गों में वर्ष 2007–08–09 में लो0नि0वि0 द्वारा कुल कितनी सड़कों के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव केन्द्र सरकार को प्रेषित किये गये तथा कितने प्रकरणों पर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>27.10.2009 | **40.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के कितने गांवों में अभी तक ए0एन0एम0 सेन्टर नहीं हैं तथा वर्तमान में सरकार के पास कितने नये ए0एन0एम0 सेन्टर खोलने हेतु प्रस्ताव विचाराधीन है? क्या सरकार जनपदवार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | स्वास्थ्य |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>27.10.2009 | **41.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की नियुक्ति नहीं है? यदि हां, तो सरकार कब तक सभी प्राथमिक केन्द्रों पर डाक्टरों की नियुक्ति सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>27.10.2009 | **42.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में बेस हास्पिटल खोले जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो निर्माण की दिशा में विभाग द्वारा क्या कार्यवाई की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>27.10.2009 | **43.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वीकृति का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो कितने केन्द्र नये खोले जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>27.10.2009 | **44.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 धारचूला के अन्तर्गत चैतुलधार में आये भीषण दैवीय आपदा से धारचूला नारायण आश्रम मोटर मार्ग बन्द पडा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग को खोलने हेतु कोई कार्यवाई कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>28.10.2009 | **45.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत बाजपुर से चिन्हीकरण हेतु कितने आन्दोलनकारियों के आवेदन–पत्र प्राप्त हुए है तथा अब तक कितने आन्दोलनकारियों को सरकार द्वारा चिन्हित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>28.10.2009 | **46.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद–अल्मोड़ा के अन्तर्गत द्वाराहाट, उखल्लेख, बिन्ता, नायल मोटर मार्ग अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है? यदि हां, तो क्या सरकार को उक्त मार्ग के सुदृढ़ीकरण से सम्बन्धित आगणन शासन को प्राप्त हुये है? यदि हां, तो अभी तक स्वीकृति न मिलने के क्या कारण हैं? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>28.10.2009 | **47.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद–अल्मोड़ा के अन्तर्गत गोदी, खीड़ां, बछुआबाण, मांसी, नौबाड़ा, दौला मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग विगत बीस वर्षो से जनता कर रही है? यदि हां, तो धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद भी उक्त मार्गों का डामरीकरण न किये जाने के क्या कारण हैं? | **लोक निर्माण** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>28.10.2009 | **48.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत धारचूला/मुनस्यारी दैवीय आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र है? क्या सरकार द्वारा उक्त क्षेत्र को दैवीय आपदा मद के अतिरिक्त धनराशि आवंटन करने की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>28.10.2009 | **49.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 मुनस्यारी के ग्राम सेराधाट, गोल्फा, बोना, तोमिक तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत मोटर मार्ग बनाना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग के निर्माण के लिए कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रथम शुक्रवार के अता0 39 मे स्था0** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>28.10.2009 | **50.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत धारचूला/बरम में विगत वर्ष आये दैवीय आपदा से प्रभावित परिवार टैंट लगाकर खुले मैदान में जीवन यापन कर रहे हैं? क्या सरकार उक्त परिवारों को अन्यत्र बसाने की कोई योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री शेर सिंह गढ़िया<br>28.10.2009 | **51.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपदवार कितनी लघु जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? इन योजनाओं का स्वरूप क्या है? | **ऊर्जा** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>29.10.2009 | **52.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में उत्तराखण्ड का नया पुलिस एक्ट पूर्णतः लागू कर दिया गया है? यदि हां, तो कितने जिला स्तरीय अधिकारियों के स्थानान्तरण 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व किये गये तथा इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार पुलिस एक्ट का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>29.10.2009 | **53.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर में कुल कितने ऐलोपैथिक चिकित्सालय हैं तथा इन चिकित्सालयों में कितने चिकित्सकों के पद रिक्त हैं? क्या सरकार चिकित्सकों की रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>29.10.2009 | **54.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि पिथौरागढ़–चण्डाक मोटर मार्ग का चौड़ीकरण और हाट मिक्स का काम बन्द है? क्या यह सत्य है कि उसमें बिना कार्य किये ही ठेकेदार को विभाग द्वारा अग्रिम भुगतान किया जा चुका है? यदि हां, तो भुगतान किये जाने का आधार क्या था तथा उक्त कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेंगा? | लोक निर्माण |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>30.10.2009 | **55.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0 ख0 धारचूला के ग्राम पंचायत तिंदांग मार्छा में झूलापुल स्वीकृत है? यदि हां, तो निर्माण कार्य न कराये जाने के क्या कारण है तथा निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>30.10.2009 | **56.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ वि0 ख0 धारचूला के ग्राम पंचायत बुगलिंग में पॅम्पा भैल में प्रति वर्ष दैवीय आपदा और आये दिन हो रही दुर्घटनाओं के दृष्टिगत सरकार उक्त क्षेत्र में दैवीय आपदा रोकने के लिए कोई ठोस योजना बना रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>30.10.2009 | **57.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 धारचूला मुनस्यारी के अस्पतालों में डाक्टरों एवं कर्मचारियों के पद रिक्त हैं? यदि हां, तो क्या सरकार रिक्त पदों को भरने के लिए कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>30.10.2009 | **58.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा तथा टिहरी जनपद में टर्न के तहत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में हो रहे विलम्ब विषयक, दिनांक 22 मई, 2007 को प्रश्नकर्ता द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित पत्र में जिन–जिन बिन्दुओं पर कार्यवाही करने की मांग की गयी थी, उन पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जॉच के आदेश दिये गये थे? यदि हां, तो उक्त जॉच आख्या को क्या सरकार सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>03.11.2009 | **59.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के तहसील लक्सर क्षेत्रांतर्गत सोलानी नदी पर सेतु निर्माण सन 1980 से पूर्व पूर्ण हो जाने के उपरान्त भी अभी तक कर वसूली जारी रहने से जन सामान्य को बहुत कठिनाई हो रही है? क्या मुख्य मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पुल के निर्माण पर कितना धन व्यय किया गया था तथा लगभग तीस वर्ष की वसूली में प्रतिवर्ष कितनी धनराशि वसूल की जा चुकी है? क्या सरकार उक्त पुल से की जा रही वसूली प्रक्रिया को तत्काल समाप्त किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री केदार सिंह रावत 03.11.2009** | **60.** अस्पष्टता के आधार पर निरस्त। | **वित्त** |
| श्री केदार सिंह रावत 03.11.2009 | **61.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों की प्रकाशित सूची में जनपद उत्तरकाशी सहित प्रदेश के अन्य जनपदों के अन्दोलनकारियों का नाम सम्मिलित होने से छूट गये हैं? यदि हां, तो कब तक इन छूटे आन्दोलनकारियों को चिन्हित सूची में सम्मिलित कर लिया जायेगा? क्या सरकार उक्त आन्दोलनकारियों को परिचय पत्र जारी करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री केदार सिंह रावत 03.11.2009 | **62.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति आन्दोलन में पत्रकारों की अहम भूमिका रही है? यदि हां, तो क्या सरकार पत्रकारों को भी उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों की सूची में सम्मिलित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री मयूख महर 04.11.2009 | **63.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार गठन से अब तक प्रदेश में कुल कितने अस्पताल तथा स्वास्थ्य केन्द्र खोले गये और कहां–कहां? क्या मंत्री जी जनपद वार इसका ब्यौरा उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर 04.11.2009 | **64.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत डयौड़ा से झूलाघाट को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु कोई प्रस्ताव विभाग के पास विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग को बनाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर 04.11.2009 | **65.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जनपद पिथौरागढ़ में बेस अस्पताल खोलने हेतु शासनादेश जारी किया गया था? यदि हां, तो क्या उक्त स्थान पर बेस चिकित्सालय खोल दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गगन सिंह रजवार 04.11.2009 | **66.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत वि0ख0 धारचूला, मुनस्यारी के राजकीय महाविद्यालयों में पठन पाठ्न के लिए भवन नही है? क्या सरकार उक्त महाविद्यालयों के भवनों के निर्माण के लिए कोई ठोस कार्यवाही कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल 04.11.2009 | **67.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अवैध शराब एवं सट्टा जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु क्या सरकार इन अपराधों को असंज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाने हेतु विचार कर रही है? यदि हां, तो सरकार इसके लिये क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>04.11.2009 | **68.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि कैम्प्टी फाल (मसूरी) में जनता आये दिन ट्रैफिक जाम से परेशान हो रही है? यदि हां, तो निर्माणाधीन बाईपास मार्ग की क्या प्रगति है तथा कब तक यह मार्ग यातायात योग्य हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>04.11.2009 | **69.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक ख–48122, दिनांक 17.09.2009 जो विधान सभा क्षेत्र–लालढ़ांग में स्नातक महाविद्यालय की स्थापना के विषय में था, पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र लालढ़ांग में निजी एवं सरकारी किसी भी तरह का कोई स्नातक महाविद्यालय नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में लालढ़ांग में महाविद्यालय की स्थापना करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>04.11.2009 | **70.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता के विधान सभा क्षेत्र–लालढ़ांग जिला हरिद्वार में वर्ष 2008 व 2009 में जिला योजना के अन्तर्गत कितनी नई विद्युत लाईन व ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड ग्रामीण हरिद्वार को दिये गये प्रस्तावों पर विभाग द्वारा जिला योजना व अन्य योजना के अन्तर्गत कार्य न कराये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार प्रश्नकर्ता द्वारा विभाग को प्रेषित जनहित के प्रस्ताव पत्र सं0 48131, दिनांक 13.10.2009 पर कार्यवाही करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री मयूख महर<br>05.11.2009 | **71.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अधीक्षण अभियंता तृतीय वृत लो0नि0वि0 पिथौरागढ़ के पत्रांक 167/191सी0 03/09 दिनांक 15.01.2009 के अनुसार सिंगाली दिगरा मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रथम चरण हेतु 2.50 कि0मी0 की स्वीकृति शासन द्वारा दी गयी थी? यदि हां, तो उक्त मार्ग में अभी तक कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? क्या विभाग उक्त मोटर मार्ग को बनाने हेतु विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>05.11.2009 | **72.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002 में जनपद पिथौरागढ़ के कौली कन्याल तोक हुडकी में तथा वर्ष 2007 में बरम में भू–स्खलन से कुल कितनी जन एवं सम्पत्ति की हानि हुयी है? क्या सरकार द्वारा प्रभावितों को पुर्नवासित किया जा चुका है? यदि हां, तो इनके पुर्नवास की क्या व्यवस्था की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मयूख महर<br>06.11.2009 | **73.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के जौरासी से लख्ती गांव तक निर्मित मोटर मार्ग नियमानुसार एवं मानकों के अनुसार बनी है? क्या उक्त मोटर मार्ग में भारीं वाहनों का आवागमन हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग की गुणवत्ता की जांच करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>09.11.2009 | **74.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में एस0सी0पी0 में चयनित मोटर मार्ग मटेला बैण्ड से उपरतोला तक में अभी तक कुल कितना धन खर्च किया जा चुका है तथा कितना कि0मी0 मोटर मार्ग बनकर तैयार हो चुका है एवं कितने कि0मी0 तक मोटर गाडियों का संचालन हो रहा है? क्या सरकार जनहित में निर्धारित स्थान तक मोटर सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>09.11.2009 | **75.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में वि0स0 क्षेत्र कनालीछीना में एस0सी0पी0 योजना में चयनित मोटर मार्ग बगना शक्तिपुर मोटर मार्ग में अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया हैं? क्या सरकार उक्त मार्ग का निमार्ण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>09.11.2009 | **76.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में पीपली घिंगरानी हेतु जिला प्लान में स्वीकृत लिंक मोटर मार्ग को अभी तक प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मयूख महर<br>09.11.2009 | **77.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 में जनपद पिथौरागढ़ के मुनस्यारी के ला तथा झाकला ग्राम के भू–स्खलन में लापता व्यक्तियों को मालपा के भू–स्खलन में लापता व्यक्तियों की भॉति एक मांह के भीतर मृत घोषित न करने तथा एक ही जनपद में अलग–अलग मानक निर्धारित करने के क्या कारण रहे हैं? क्या सरकार उक्त ग्रामों के लापता व्यक्तियों की शीघ्र घोषणा करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मयूख महर<br>09.11.2009 | **78.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वि0स0 क्षेत्र कनालीछीना में कुल कितने अस्पताल/ स्वास्थ्य केन्द्र है? क्या उक्त अस्पतालों/स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर/स्टाफ पर्याप्त मात्रा में है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त में डाक्टरों/स्टाफ की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? | **स्वास्थ्य** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>09.11.2009 | **79.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के तहसील खटीमा में वर्ष 2009 में दैवीय आपदा के कारण कितने आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं? क्या विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को क्षतिपूर्ति कर मकानों का पुनर्निर्माण कराया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |

श्री गोपाल सिंह राणा
09.11.2009

**80.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में कितने ग्रामों तथा तोकों में लो–वोल्टेज की समस्या है? क्या वर्ष 2009 में विधान सभा क्षेत्र खटीमा में लो वोल्टेज की समस्या का निदान कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**ऊर्जा**

श्री राजेश जुवांठा
09.11.2009

**81.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून के विकास खण्ड रायपुर, ग्राम सभा नत्थनपुर के अन्तर्गत जोगीवाला से रायपुर मुख्य मार्ग पर अलकनन्दा इन्कलेव से मोहकमपुर तक का मार्ग अत्यन्त ऊबड़–खाबड़ तथा अत्यन्त संकरा हो गया है? क्या यह सत्य है कि हरिद्वार–देहरादून राष्ट्रीय मार्ग पर जोगीवाला से मोहकमपुर तक ट्रैफिक जाम की स्थिति में गाड़ियों का आवागमन मोहकमपुर से अलकनन्दा इन्कलेव मार्ग से होने के फलस्वरूप उक्त मार्ग के कालोनी वासियों को अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में अलकनन्दा इन्कलेव से मोहकमपुर तक के मार्ग का डामरीकरण एवं चौड़ीकरण सुनिश्चित करायेंगी? यदि हां, तो कब तक?

**लोक निर्माण**

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
10.11.2009

**82.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद हरिद्वार में खानपुर से दल्लावाला एवं लक्सर–खानपुर–बढ़ीवाला मार्गों का लोकहित में कुम्भ मेला–2010 के बजट के अन्तर्गत सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**प्रथम बुधवार के अता0 30 में स्था0**

श्री राजेश जुवांठा
10.11.2009

**83.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में बद्रीपुर से नवादा को जाने वाला मार्ग पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने के कारण आम जनमानस को आवागमन में अत्यन्त असुविधा का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का जनहित में डामरीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री गोपाल सिंह राणा
10.11.2009

**84.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर खटीमा (लोहिया हेतु) जल विद्युत गृह प्रतिदिन कितना विद्युत उत्पादन कर रहा है? क्या यह जल विद्युत अपनी क्षमता के अनुरूप विद्युत उत्पादन कर रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार खटीमा जल विद्युत गृह की उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु उक्त जल विद्युत परियोजना के सुधारीकरण की कोई योजना बना रही है? यदि हा, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**ऊर्जा**

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>11.11.2009 | **85.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम में अवर अभियंता व सहायक अभियंता के 460 पदों पर आयोजित की गई भर्ती परीक्षा में पूर्व सैनिकों को आयु सीमा में छूट नहीं दी गई? यदि हां, तो क्या सरकार पूर्व सैनिकों को सेवानियमावली में भर्ती हेतु निर्धारित आयु सीमा में छूट प्रदान करते हुए उक्त 460 पदों के सापेक्ष पूर्व सैनिकों की अलग से भर्ती प्रकिया कराने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.11.2009 | **86.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में स्याल्दे विकास खण्ड के स्याल्दे में मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा संख्या 27/2008 दिनांक 21 मई, 2008 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जी द्वारा अपने भिक्यासैण भ्रमण में की गयी घोषणा पर कार्य आरम्भ हो गया हैं? यदि हां, तो कब तक कार्य आरम्भ किया जायेगा? | खेल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.11.2009 | **87.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा में विधान सभा क्षेत्र भिक्यासैण में सबोली बैन्ड से तोल बुधानी और तल्ली चम्याड़ी से गणतखाल सड़कों के निर्माण की घोषणा दिनांक 15 फरवरी, 2009 को की थी? यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़कों के वन भूमि की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किये जा चुके है? यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं तथा कब तक उक्त सड़क हेतु वन भूमि की स्वीकृत हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित कर दिये जायेंगे? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.11.2009 | **88.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 21 मई, 2008 को राजकीय महाविद्यालय भिक्यासैण जनपद अल्मोड़ा में बी0एड0 संकाय खोले जाने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त स्थान में पठन पाठन कार्य आरम्भ करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.11.2009 | **89.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत मानिला में विद्युत उप केन्द्र बनाये जाने की घोषणा दिनांक 21 मई, 2008 को भिक्यासैण भ्रमण के दौरान की थी? यदि हां, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी तथा उप केन्द्र का कब तक जनता को विद्युत लाभ मिलेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>20.11.2009 | **90.** क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि दिनांक 16/12/2008 को नियम 53 के अर्न्तगत जनपद अल्मोड़ा के भिक्यासैण विधान सभा क्षेत्र में लगभग 14 सड़कों की वित्तीय स्वीकृति हैं? यदि हॉ तो क्या मुख्यमत्री जी द्वारा दिये गये विभागीय वक्तव्य में उल्लेख किया किया गया है, कि लगभग 20 सड़के राज्य सैक्टर में स्वीकृत है, जिनमें से 17 सड़को के वन भूमि के प्रस्ताव बनाये जाने शेष है? यदि हां, तो क्या वक्तव्य में उल्लिखित 17 सड़कों के वन भूमि प्रस्ताव बना लिये गये है तथा बने हुए प्रस्ताव किन किन स्तरों पर लम्बित है ? यदि हॉ, तो तत्सम्बधित विवरण क्या हैं? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम<br>21.11.2009 | **91.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेगें कि क्या सरकार राज्य निर्माण आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों, को भी सम्मान देने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27.11.2009 | **92.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेगें कि नगर पंचायत दिनेशपुर उधमसिंहनगर) में थाना बनने से पूर्व पुलिस चौकी किसी निजी भवन से संचालित की जा रही थी यदि हॉ, तो क्या पुलिस विभाग द्वारा भवन स्वामी को किराये का भुगतान किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? तथा कब तक किराया भुगतान कर दिया जायेगा? | गृह |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>27.11.2009 | **93.** क्या आपदा प्रबंधन मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि जिला उधमसिंहनगर को वर्तमान वित्तीय वर्ष में आपदा प्रबन्धन मद में कितनी धनराशि आवंटित की गयी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंहनगर में आपदा प्रबंधन के तहत कितनी योजनाएं लम्बित हैं? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मनोज तिवारी<br>27.11.2009 | **94.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद अल्मोड़ा में मुख्यालय पर अनियंत्रित यातायात की स्थिति को देखते हुए अल्मोड़ा में बेस चिकित्सालय से बेतालेश्वर मन्दिर होते हुए विकास भवन को जोड़ने वाले मोटर मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है? क्या इस कार्य हेतु वांछित धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है? यदि हॉ, तो कार्य कब प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मनोज तिवारी<br>27.11.2009 | **95.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद अल्मोड़ा मुख्यालय पर अनियंत्रित यातायात की स्थिति को देखते हुए अल्मोड़ा में कवराब से कौसी बाईपास मोटर मार्ग का निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया हैं? क्या इस कार्य हेतु वांछित धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है? यदि हॉ, तो कार्य कब प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मनोज तिवारी<br>27.11.2009 | **96.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि लोक निर्माण विभाग में उत्तराखण्ड राज्य गठन के उपरान्त कार्यभार बढ़ने के कारण लो0नि0वि0 के कितने नये खण्डों का सृजन किया गया तथा अन्य विभागों के कितने खण्ड़ लोक निमार्ण विभाग में समायोजित किये गये? क्या इन नये खण्डों के सृजन एवं समायोजन के सापेक्ष खण्डों के सीधे नियंत्रण अधिकारी अधीक्षण अभियन्ता कार्यालयों के सृजन का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है, यदि हॉ, तो इन वृतों का सृजन कब तक किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>30.11.2009 | **97.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न रोकने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या – क्या उपाय किये गये है? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>30.11.2009 | **98.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश के विश्व विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत अशंकालिक शिक्षकों की संख्या का विद्यालय वार विवरण क्या है तथा ये अंशकालिक शिक्षक कब से कार्यरत हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन अंशकालिकों के नियमितीकरण किए जाने के सम्बन्ध में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या हैं तथा कब तक इन अंशकालिक शिक्षकों का नियमितीकरण किया जायेगा? | **उच्च शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>30.11.2009 | **99.** क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के जनपद नैनीताल के रामनगर क्षेत्र में अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही है? यदि हॉ, तो अपराधों की रोक–थाम हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये? क्या यह सत्य है कि जनपद नैनीताल के रामनगर क्षेत्र में हाल ही में कु0 महिमा सेठ पुत्री श्री संजय सेठ तथा श्री सोनू वर्मा पुत्र स्व0 श्री प्रेम प्रकाश वर्मा की निर्मम हत्या की घटनांए हुई? यदि हॉ तो इन हत्याओं का कारण क्या है तथा हत्यारों को पकड़ने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई हैं? क्या सरकार इन प्रकरणों पर सी0बी0आई0 से जांच करवाएगी? यदि हां, तो कब तक यदि नही, तो क्यों? | **गृह** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>30.11.2009 | **100.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि सैफ गेम प्रारम्भ होने से पूर्व जनपद देहरादून के रायपुर स्पोर्टस कालेज से थानू तक फोर लेन सड़क का निर्माण किये जाने का प्रस्ताव है? यदि हां, तो फोर लेन सड़क निर्माण किये जाने के संबंध में अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त सड़क फोरलेन में परिवर्तित की जायेगी? | **लोक निर्माण** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>30.11.2009 | **101.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि क्या सरकार की प्रदेश में प्राकृतिक गैस पर आधारित विधुत उत्पादन प्लान्ट लगाये जाने की कोई योजना है? यदि हॉ, तो क्या उक्त योजना का प्रस्ताव प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार के पास भेजा गया है? | **ऊर्जा** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.11.2009 | **102.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि अन्य प्रान्तों में पूर्व सैनिकों को कैंटीनों से वाहन खरीदने पर सेल टैक्स में छूट दिये जाने का प्राविधान हैं? यदि हां, तो क्या उत्तराखण्ड सरकार पूर्व सैनिकों को बाहरी प्रान्तों की भांति उत्तराखण्ड में भी सेल टैक्स में छूट दिये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वित्त** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>04.11.2009 | **103.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तरकाशी जनपद इस वर्ष सूखे की चपेट में है? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद को सूखाग्रस्त घोषित कर राहत दिये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास** |

# नत्थी 'ग'

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 19 दिसम्बर, 2009 की बैठक में दिनांक 21 दिसम्बर, 2009 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

**दिसम्बर, 2009**

21 (सोमवार)

(1) औपचारिक कार्य।

(2) विधायी कार्य

संविधान (एक सौ नौवां संशोधन) विधेयक, 2009 से संबंधित निम्नलिखित संकल्प का अनुसमर्थन :-

''यह सदन 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद 368 के खण्ड (2) के परन्तुक के खण्ड (घ) के क्षेत्रान्तर्गत 'संविधान (एक सौ नौवां संशोधन) विधेयक, 2009' द्वारा प्रस्तावित संशोधन, जैसा कि संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया है, का अनुसमर्थन करता है।'